प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 06.09.2024

<><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय तथा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों के लिए 'ऑनलाइन आर.टी.आई. वेब पोर्टल' का किया शुभारंभ।

2— दंतेवाड़ा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो जवानों की मौत।

3— बस्तर में ''एक पेड़ देवी—देवताओं के नाम'' थीम पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

4— आज प्रदेशभर में श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है सुहागिनों का पवित्र त्यौहार हरितालिका तीज—कल गणेश चतुर्थी पर विराजेंगे विघ्नहर्ता।

मुख्य न्यायाधीश—पोर्टल शुभारंभ

छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने उच्च न्यायालय तथा राज्य के समस्त जिला न्यायालयों के लिए 'ऑनलाइन आर.टी.आई वेब पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् आवेदनों को प्रस्तुत किया जा सकता है और उन्हें रियल टाईम ट्रैक किया जा सकता है। इसके माध्यम से सूचना के अधिकार के तहत् लगने वाले शुल्क का भुगतान भी किया जा सकता है। इस आर.टी.आई. वेबपोर्टल के माध्यम से किसी भी स्थान से सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने कहा कि यह आनलाईन पोर्टल पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस

वेबपोर्टल का उद्देश्य सूचना प्राप्त करने की प्रक्रिया को प्रभावी, पारदर्शी और सुलभ बनाना है। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने एक साथ तीन सौ से अधिक न्यायिक कर्मचारियों को पदोन्नत भी किया।

भाजपा–सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान आज से मतदान केन्द्र स्तर पर भी शुरू हो गया है। मतदान केन्द्रों में सदस्तया अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के खम्हारडीह मंडल में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के जगदलपुर मंडल में और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के माना कैम्प क्षेत्र में स्थित टीटी कॉलोनी मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज से बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ हुआ है। यह अभियान दो महीने तक चलेगा। इस अभियान को जिला मंडल और बूथ स्तर पर चलाया जाएगा। इसके तहत पार्टी द्वारा पचास लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

छात्रवृत्ति योजना–आवेदन

केन्द्र सरकार ने आमदनी और योग्यता पर आधारित राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत वर्ष 2024–25 के लिए चुने हुए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आवेदन करने की समय–सीमा इस महीने की तीस तारीख तक बढ़ा दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि इस योजना के अंतर्गत आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है ताकि कक्षा आठ के बाद स्कूली शिक्षा बीच में छोड़ने की समस्या पर रोक लगाई जा सके।

केन्द्रीय राज्यमंत्री–समीक्षा बैठक

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में रेलवे के बिलासपुर मंडल के तहत आने वाले लोकसभा क्षेत्रों के सांसदों के साथ ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान कुछ स्टेशनों में ट्रेनों के स्टॉपेज को स्थगित कर दिया गया था। अब आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन स्टेशनों पर ट्रेनों का स्टॉपेज फिर से शुरू होना चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्री–बस्तर

जगदलपुर के महारानी अस्पताल में संचालित अन्नपूर्णा रसोई घर के मॉडल को अन्य जिलों में लागू किया जाएगा। यह निर्देश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज महारानी जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दिए। स्वास्थ्य मंत्री बस्तर जिले के प्रवास पर हैं। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में स्वशासी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्री जायसवाल ने नवीन सुपरस्पेशियल्टी अस्पताल का निर्माण कार्य दो महीने में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अस्पताल के निर्माण के लिए दस करोड़ रूपए की अतिरिक्त राशि की भी स्वीकृति प्रदान की है।

आकाशीय बिजली–मौत

दंतेवाड़ा जिले में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो जवानों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार बारसूर में संचालित नक्सल विरोधी प्रशिक्षण केन्द्र में आकाशीय बिजली गिरने से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ एक सौ ग्यारहवीं बटालियन के दो जवान – महेंन्द्र कुमार और एस. शहुअट आलम गंभीर रूप

से घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को इलाज के लिए तत्काल एम्बुलेंस से जिला अस्पताल दंतेवाड़ा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इनमें से एक जवान उत्तरप्रदेश का, वहीं दूसरा झारखंड का रहने वाला था।

कुकर बम–बरामद

कोंडागांव जिले में सुरक्षा बलों ने छह कुकर बम बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार धनोरा थाना क्षेत्र से पुलिस के जवान नियमित गश्त पर निकले थे। इसी दौरान माड़गांव के पास जंगल से छह कूकर बम बरामद किए गए। इन्हें माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाया था। इन कुकर बम को बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया है।

गांजा–जब्त

दुर्ग पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पैंतालीस किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब साढ़े चार लाख रूपए बताई जाती है। दुर्ग पुलिस ने नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सहयोग से गांजा तस्करी के फॉरवर्ड लिंक और बैकवर्ड लिंक को स्थापित कर इन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

बातों–बातों में

_______श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित दुर्ग जिले की शिक्षिका के. शारदा से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की

जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल सात सिंतबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

बस्तर दशहरा समिति–बैठक

बस्तर में ''एक पेड़ देवी–देवताओं के नाम'' थीम पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इसके तहत बस्तर दशहरा रथ निर्माण के लिए काटे गए पेड़ों की भरपाई करने के लिए दो सौ इंक्यावन पौधे लगाए गए। इनमें से प्रत्येक पौधा देवी–देवताओं को समर्पित किया गया। यह अभियान बस्तर दशहरा की समृद्ध परंपराओं का सम्मान करने के साथ ही पर्यावरण की संरक्षण के प्रति स्थानीय समुदाय की प्रतिबद्धता को भी परीलक्षित करता है।

इस अवसर पर बस्तर सांसद और दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप के साथ ही अन्य प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

तीज/गणेश चतुर्थी

सुहागिनों का पवित्र त्यौहार हरितालिका तीज आज प्रदेशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में इसे तीजा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिनें निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हरितालिका तीज की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

कल गणेश चतुर्थी है। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश कल विराजेंगे। ग्यारह दिनों तक चलने वाले गणेश उत्सव की तैयारियां सभी जगह जोर–शोर से चल रही हैं। राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह उत्सव सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण है।

चक्रधर–समारोह

रायगढ़ के रामलीला मैदान में कल सात सितंबर से चक्रधर समारोह शुरू होगा। कल शाम करीब साढ़े पांच बजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रामलीला मैदान में इस समारोह का शुभारंभ करेंगे। समारोह के पहले दिन जानी मानी शास्त्रीय नृत्यांगना और अभिनेत्री पद्मश्री हेमा मालिनी नृत्य नाटिका 'राधा रासबिहारी' की प्रस्तुति देंगी। वहीं, ग्यारह सितम्बर को मीनाक्षी शेषाद्रि का भरत नाट्यम और समापन समारोह में डॉक्टर कुमार विश्वास का कविता पाठ होगा। दस दिनों तक चलने वाले इस समारोह में देश और प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकार प्रतिदिन अपनी प्रस्तुति देंगे।

संक्षिप्त समाचार

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कल मुंगेली जिले के लोरमी में नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले चार करोड़ सत्तर लाख रुपए की लागत के अस्सी से अधिक कार्यों का भूमिपूजन किया।

– उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कल बिलासपुर में पुलिस महानिरीक्षक और संभाग के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के साथ पुलिस का व्यवहार अच्छा होना चाहिए।

– सक्ती में महिला बाल विकास मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और सांसद कमलेश जांगड़े के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान में शामिल होकर साफ–सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

– बालोद जिले के डौंडी थाना इलाके के घोटिया गांव के रहने वाले एक प्रधान पाठक ने कल देर रात आत्महत्या कर ली। मृतक के जेब से पुलिस ने सुसाइट नोट बरामद किया है। इस नोट में नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रूपए की ठगी करने का उल्लेख है।

– जशपुर जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई।

– रायगढ़ जिले के ग्राम परसदा के पास एक ट्रेलर ने एक मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई।

<u>संक्षिप्त–02</u>

– जांजगीर–चाम्पा जिले के अकलतरा स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एनीमिया मुक्त अभियान के तहत जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया और खून जांच शिविर का आयोजन कर तीन सौ से अधिक छात्राओं की जांच की गई।

– सक्ती जिले में रेत–गिट्टी का अवैध परिवहन करने वाले सात ट्रैक्टर और एक हाइवा को जब्त किया गया है।

<><><><><><><><>